राष्ट्रीय सहारा (Rastriya Sahara)

दिनाँक (Dated): 23/7/2023	पृष्ठ सं० (Page No). 4	क्रम सं०(Serial No.) 11

अमित शाह ने सीआईएसएफ के विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र का किया उद्घाटन

कई सुविधाओं से लैस है यह केंद्र

नई दिल्ली (एसएनबी)।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां महिपालपुर स्थित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) परिसर के विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बल के महानिदेशक शील वर्धन सिंह और अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

विमान यात्रियों की निरंतर बढ़ती संख्या से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए एयरपोर्ट सेक्टर ने महिपालपुर परिसर में एक विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र और विमानन सुरक्षा प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला की स्थापना की है। सीआईएसएफ ने विमानन सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। इस विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र के चार प्रमुख घटक, संचार एवं नियंत्रण केंद्र, घटना प्रबंधन केंद्र, विमानन अनुसंधान केंद्र और डेटा सेंटर हैं।

विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र में चार घटक हैं क्या हैं इनके नाम

1. संचार एवं नियंत्रण केंद्र : हवाई अड्डो पर बम की धमकी वाली कॉल, वीवीआईपी मूवमेंट, और अन्य प्रमुख घटनाओं और प्री-एमबार्केशन सिक्योरिटी चेक में लगने वाले समय आदि की 24373365 रिअल टाइम निगरानी। सभी हवाईअड्डा इकाइयों, बल मुख्यालय/एपीएस मुख्यालय/सेक्टर/जोनल मुख्यालय और बाहरी एजेंसियों व स्टेकहॉलर्डस के साथ संचार, समन्वय और सहयोग के लिए दोतरफा संचार।

2. घटना प्रबंधन केंद्र : हवाई अड्डों से संबंधित तकनीकी उपकरण, जनशक्ति, आकस्मिक योजना, भौगोलिक सूचना प्रणाली और फ़्लोर प्लान व सैंड मॉडल संबंधित प्रासंगिक जानकारी प्राप्त होगी जो किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित निर्णय लेने में मदद करेगी।

3. विमानन अनुसंधान केंद्र : अनुसंधान एवं विश्लेषण, नवीनतम तकनीकों का अध्ययन एवं विश्लेषण करना, उपकरणों की थ्रूपुट और दक्षता का अध्ययन करना, विभिन्न हवाई अड्डों में स्थापित बेहतरीन अभ्यास का अध्ययन करना, डेटा एवं रुझान विश्लेषण, हवाई अड्डों पर होने वाली घटनाओं का विश्लेषण, प्रस्थान द्वारों और एसएचए पर भीड़ का विश्लेषण।

4. सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट : डेटाबेस को अपडेट एवं सुरक्षित रखना, सॉफ्टवेयर डेवलेप और परीक्षण करना, सीआईएसएफ कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।

डेटा सेंटर : यह तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। 300 टेरा बाईट स्टोरेज कैपेसिटी, एप्लिकेशन होस्टिंग और डेटाबेस के लिए सर्वर, एमटीएनएल से 50 एमबीपीएस लीज लाइन, वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) के माध्यम से हवाई अड्डों की डेटा सुरक्षा, हवाई अड्डों, जोन, सेक्टरों और मुख्यालयों के लिए 110 इंटरकॉम टेलीफोन कनेक्शन की क्षमता वाला आईपी-पीबीएक्स।